
# रॉकेट में बंदर





हिंदी : शिवानी मिश्र





# रॉकेट में बंदर



हिंदी : शिवानी मिश्र




सैम और बैम बन्दर हैं.
दोनों ही बहुत खास हैं.
और वो रहते हैं
एक बहुत ही खास जगह पर.

कुछ बंदर पेड़ों पर रहते हैं.
वो झूलते रहते हैं
एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर.









कुछ बन्दर चिड़ियाघर में रहते हैं.
वो उछलते रहते हैं
एक झूले से दूसरे झूले पर.

पर सैम और बैम
बहुत ही खास बंदर हैं.
वो रहते हैं
ब्लू-स्काई रॉकेट बेस पर.





बहुत से रॉकेट हैं
ब्लू-स्काई बेस पर.
बड़े रॉकेट!
छोटे रॉकेट!
मोटे रॉकेट!
लम्बे रॉकेट!

सैम और बैम रहते हैं
एक छोटे से सफ़ेद घर में.
वो बाहर देख सकते हैं और देखते हैं
बहुत से रॉकेट्स को ऊपर जाते हुए.
स्स्स्सस्स्स-बूम!
और रॉकेट ऊपर गये!
ऊपर, ऊपर, और ऊपर आसमान में!





सारे रॉकेट्स में सबसे बड़ा है
रॉकेट 6.
ये एक बहुत ही खास रॉकेट है.
जब रॉकेट 6 ऊपर जाएगा,
उसमें एक बंदर होगा!
सबसे पहला बन्दर
जो रॉकेट में ऊपर जाएगा!

क्या वो सैम होगा?
या वो बैम होगा?
कप्तान जिम जानना चाहते हैं.
वही हैं जो राकेट को ऊपर भेजेंगे.





डॉक्टर बॉब भी जानना चाहते हैं.
वही हैं जो बंदरों का ख्याल रखते हैं.

“कौन सा बंदर जाएगा?”
कप्तान जिम पूछते हैं.
“चलो अभी पता करते हैं,”
डॉक्टर बॉब कहते हैं.
डॉक्टर बॉब, सैम और बैम को रखते हैं
एक खास तख़्त पर.





फ़िर वो रुक जाते हैं.

बैम तख़्त से बाहर आता है.

बेचारा बैम!





तख़्त उपर-नीचे घूमता है.

बार बार!

वो गोल-गोल घूमते हैं!

तेज़ और तेज़ और तेज़!

सैम तख़्त से बाहर आता है.
कप्तान जिम हँसते हैं.
“सैम को देखो!” वो कहते हैं.
“उसे गोल-गोल घूमना अच्छा लगता है.”





“चलो अब ये करते हैं”,
डॉक्टर बॉब कहते हैं.
वे सैम और बैम को रखते हैं
एक खास झूले में.



झूला ऊपर जाता है.
ऊपर, ऊपर और ऊपर.



फ़िर वो नीचे आते हैं.
नीचे, नीचे, नीचे!
तेज़ और तेज़!
एकदम सही समय पर
एक पैराशूट खुलता है!
एकदम सही समय
पर सैम और बैम
गिरने से बच जाते हैं!
धीरे, धीरे, वो नीचे आते हैं.



बैम झूले से बाहर आता है.
कप्तान जिम दोबारा हँसते हैं.



"सैम को देखो!" वो कहते हैं.
"उसे एक पैराशूट में
नीचे उतरना अच्छा लगता है."

“हमें एक और चीज़ करनी चाहिए”,
डॉक्टर बॉब कहते हैं.
वो बैम के दिल की
धड़कनों को सुनते हैं.
उन्हें सुनाई देता है :
बिंग-बैंग! बूम-बूम!
“बेचारा बैम!” डॉक्टर बॉब कहते हैं.
“तुम रॉकेट में ऊपर नहीं
जा सकते हो.”



वो सैम की धड़कनों को सुनते हैं.
उन्हें सुनाई देता है :
“बम्प-बम्प, बम्प-बम्प,
बम्प-बम्प.”
“सैम ठीक है”, डॉक्टर बॉब कहते हैं.
“वही ऊपर जाएगा.
सैम ही वह पहला बन्दर होगा
जो रॉकेट की सवारी करेगा!”



अब वह दिन आ गया है.

रॉकेट 6 आज ऊपर जाएगा!

सैम अपना रॉकेट-सूट पहनता है.

उसे रॉकेट-सूट पहनकर बहुत अच्छा लगता है.





“सैम”, डॉक्टर बॉब कहते हैं.

“अपनी खास कुर्सी में बैठ जाओ.”

सैम अंदर जाता है और बैठता है.

उसे अपनी खास कुर्सी अच्छी लगती है.



“तुम्हे कामयाबी प्राप्त हो सैम!”
डॉक्टर बॉब कहते हैं.
फ़िर वो दरवाज़ा बंद कर देते हैं.



डॉक्टर बॉब और एक व्यक्ति
सैम को ले जाते हैं.
वो उसे रॉकेट 6 के सबसे ऊपरी
हिस्से में ले जाते हैं.

वो सैम को रॉकेट के अंदर रखते हैं.





“अलविदा, सैम”, डॉक्टर बॉब कहते हैं.
“अलविदा, सैम”, वह व्यक्ति कहता है.
फ़िर वो सब चले जाते हैं,
और सैम अब अकेला है.



“अब उलटी गिनती शुरू करो”,
कप्तान जिम कहते हैं.

दस,

नौ,

आठ,

सात,

छह,

पाँच,

चार,

तीन,

दो,

एक.....



फ़ायर!!!"




बूम!

लाल आग रॉकेट के बाहर आती है!



वूश!

सफ़ेद धुआं बाहर निकलता है.



रॉकेट ऊपर जाता है!

ऊपर! ऊपर! ऊपर!

ऊपर आसमान में

ऊपर! ऊपर! ऊपर!

रॉकेट तेज़ और तेज़ जाता है.

ऊपर! ऊपर! ऊपर!

वँहा तक जहाँ इसे कोई नहीं देख सकता!



डॉक्टर बॉब आसमान में ऊपर देखते हैं.

क्या वो सैम को दोबारा देख पाएंगे?

क्या सैम नीचे आएगा?
अगर वो नीचे आएगा तो बहुत दूर
पानी के ऊपर उतरेगा.
एक बड़ी नाव
उस व्यक्ति को वँहा ले जाएगी.



वो ऊपर आसमान में देखते हैं.
सैम कंहाँ है?
डॉक्टर बॉब सोचते हैं,
क्या मैं सैम को फ़िर कभी देख पाऊँगा?







तभी उन्हें कुछ दिखता है,
बहुत ऊपर आसमान में.
कुछ गिर रहा है!
नीचे, नीचे, नीचे!
वो क्या है?



ये तो सैम है?
वो गिर रहा है!

“क्या वो ठीक होगा?”
वह व्यक्ति पूछता है.
“मैं आशा करता हूँ!”
डॉक्टर बॉब कहते हैं.





सैम आता है नीचे और नीचे.

तेज़ और तेज़!

एकदम सही समय पर

एक पैराशूट खुलता है!

एकदम सही समय पर

सैम गिरने से बच जाता है!

फ़िर वो धीरे, धीरे नीचे आता है.



“वो सही जगह पर नहीं उतरा”,

डॉक्टर बॉब कहते हैं.

“लेकिन वो नीचे आ गया.

अब हमे उसे पानी से बाहर

निकालना चाहिए.”





एक बड़ी नाव उस व्यक्ति को सैम के पास ले जाती है.



वह व्यक्ति सैम को पानी
से बाहर निकालता है.
क्या सैम ठीक है?



डॉक्टर बॉब इंतज़ार नहीं कर सकते
यह जानने के लिए.
उन्होंने ही सैम का दरवाज़ा खोला.



सैम बाहर आया!

“शाब्बाश सैम!” उस व्यक्ति ने कहा.
“शाब्बाश! शाब्बाश! “शाब्बाश!”





“तुमने कर दिखाया सैम!”
डॉक्टर बॉब ने कहा.
“तुमने आसमान में
एक रॉकेट की सवारी की!”



“उसे कैसा महसूस हो रहा है?”
उस व्यक्ति ने पूछा.
“पता चल जाएगा”, बॉब ने कहा.
उन्होंने सैम के दिल की धड़कनों को सुना.

सैम ने भी अपनी धड़कनों को सुना!
सैम को अच्छा महसूस हुआ!





सैम डॉक्टर बॉब से
कुछ कहता है.
“उसने क्या कहा?”
उस व्यक्ति ने पूछा.



डॉक्टर बॉब हँसे.

“सैम ने कहा कि उसे रॉकेट की

सवारी करना अच्छा लगा.

और अगली बार

वो चाँद पर जाएगा!”



